हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

11 मिशन एडमिशन : कॉलेजों में 80 से 90 प्रतिशत सीटें फुल



12 बड़ी राहत : ककरोई रोड पर नई सीवरेज लाइन शुरू



# कुंडली में घरेलू उपकरण फैक्ट्री में भीषण आग, 50 कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला



### आग लगने के कारणों की जांच शुरू

उप दमकल अधिकारी विनोद ढुल ने बताया कि शाम 4.20 बजे सूचना मिलने के बाद विभिन्न फायर स्टेशनों से 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल कूलिंग ऑपरेशन पूरा किया जा रहा है तथा आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, 14 दमकल गाड़ियों ने तीन घंटे में पाया काबू

> फैक्ट्री में मिक्सर, जूसर-ग्राइंडर, गैस चूल्हे, किचन चिमनी और अन्य घरेलू उपकरण बनाए जाते हैं

**सोनीपत।** कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित घरेलू उपकरण बनाने वाली जेडी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में शुक्रवार शाम भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते फैक्टरी की ऊपरी मंजिल और टीन शेड को अपनी चपेट में ले लिया। काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। आग पर काबू पाने के लिए विभिन्न फायर स्टेशनों से पहुंची 14 दमकल गाड़ियों को करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। उप दमकल अधिकारी विनोद ढुल के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4.20 बजे आग लगने की सूचना मिली। सेक्टर-53 स्थित इस फैक्ट्री में मिक्सर, जूसर-ग्राइंडर, गैस चूल्हे, किचन चिमनी और अन्य घरेलू उपकरण बनाए जाते हैं। घटना के समय फैक्टरी में करीब 50 कर्मचारी मौजूद थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### तेजी से फैलती चली गई आग

सूचना मिलते ही कुंडली, राई, खरखौदा, गन्नौर, एजुकेशन सिटी, सेक्टर-23 और दिल्ली के नरेला से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्टरी में रखे प्लास्टिक, तार, पैकेजिंग सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैल गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है। हादसे में फैक्टरी की पहली मंजिल, टीन शेड तथा वहां रखा तैयार और कच्चा माल जलकर राख हो गया।



### आसपास की फैक्ट्रियों को खाली करवाया

आग की गंभीरता को देखते हुए आसपास की फैक्ट्रियों को भी एहतियातन खाली करा दिया गया। केआईए एसोसिएशन ने भी अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उद्यमियों को अलर्ट किया। एसोसिएशन के पदाधिकारी सुभाष गुप्ता और धीरज चौधरी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर आसपास की इकाइयों को खाली कराया गया। फैक्टरी में हुए नुकसान का सटीक आकलन अभी नहीं हो सका है। प्रशासन के अनुसार संयुक्त निरीक्षण के बाद ही वास्तविक नुकसान का पता चल सकेगा, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करोड़ों रुपये की क्षति हुई है। देर रात तक दमकल विभाग की टीमें कूलिंग ऑपरेशन में जुटी रहीं, जबकि पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### टायर पंक्चर का झांसा देकर महिला से पर्स लूटा

**सोनीपत।** जीटी रोड पर गांव कुमासपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने कार के टायर में खराबी का झांसा देकर कार रुकवाई और महिला को गोली मारने की धमकी देकर पर्स लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। समालखा निवासी रोहिणी ने बहालगढ़ थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह कार से समालखा से दिल्ली जा रही थीं। गांव कुमासपुर के पास फ्लाईओवर के निकट दो बाइक सवार युवक उनकी कार के साथ आए और इशारा किया कि टायर में खराबी है। इस पर उन्होंने कार सड़क किनारे रोक दी। जैसे ही वह बाहर निकलीं, दोनों बदमाशों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक आरोपी ने कार की खिड़की खोलकर उनका पर्स निकाल लिया और दोनों मौके से फरार हो गए।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**गन्नौर।** पुलिस ने खेड़ी गुज्जर रोड पर गुमड़ गांव के पास एक युवक को अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अपराध जांच इकाई की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान साहिल के रूप में हुई, तलाशी में उससे अवैध पिस्तौल व कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध खनन की जांच करने पहुंचे अभियंता से मारपीट

> दो लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी का आरोप

> खनन विभाग की टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और बुलडोजर जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राठधना रोड स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल सिटी क्षेत्र में अवैध खनन की जांच करने पहुंचे सहायक खनन अभियंता के साथ मारपीट, अभद्रता और मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। शिकायत पर सेक्टर-27 थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, खनन विभाग ने मौके से अवैध खनन में इस्तेमाल दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक बुलडोजर जब्त कर लिया।

### पुलिस से शिकायत

सहायक खनन अभियंता चंद्रभूषण तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जुलाई को वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान ओपी जिंदल ग्लोबल सिटी के एक प्लॉट में बिना अनुमति मिट्टी का अवैध खनन होता मिला। विभागीय पैमाइश में दो स्थानों से करीब 204 मीट्रिक टन मिट्टी की अवैध खुदाई की पुष्टि हुई।

मौके पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक बुलडोजर खनन कार्य में लगे मिले। शिकायत के अनुसार, मौके पर मौजूद अनिल ने स्वीकार किया कि उसके पास खनन का कोई वैध परमिट या दस्तावेज नहीं है। इसके बाद उसने प्लॉट मालिक को सूचना दी। कुछ देर बाद दीपक और विजय फॉर्च्यूनर गाड़ी से मौके पर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने सरकारी अधिकारी के साथ अभद्रता की, उनका मोबाइल फोन छीन लिया तथा सरकारी कार्रवाई में बाधा डालते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।



### विभागीय पैमाइश में दो स्थानों से करीब 204 मीट्रिक टन मिट्टी की अवैध खुदाई की पुष्टि

खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली और बुलडोजर को जब्त कर आरटीए पार्किंग में खड़ा करवा दिया। विभाग ने संबंधित प्लॉट मालिक को अवैध खनन के मामले में जुर्माना जमा कराने का नोटिस भी जारी किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच चल रही है।

## संपत्ति विवाद में घर में घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट, केस

- गांव गढ़ी केसरी का मामला प्राथमिक उपचार के बाद घायल खानपुर पीजीआई रेफर

**गन्नौर।** गांव गढ़ी केसरी में संपत्ति विवाद को लेकर घर में घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने आठ नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गढ़ी केसरी निवासी अरुण ने बताया कि करीब आठ माह पहले उसकी शादी गांव आवली निवासी युवती से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पत्नी और उसके परिजनों ने मकान व जमीन उसके नाम करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर परिवार में विवाद रहने लगा। अरुण के अनुसार 7 जुलाई की रात उसकी पत्नी का रिश्तेदार पवन अपने साथियों के साथ कार में उनके घर पहुंचा। आरोप है कि आरोपियों ने दरवाजा खुलवाकर उसके पिता सतीश के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर उसे भी घर से बाहर गली में ले जाकर लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए संपत्ति पत्नी के नाम नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही आरोपी फरार हो गए। घायल अरुण और उसके पिता को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा बाद में बेहतर उपचार के लिए खानपुर कलां रेफर किया गया।

## बच्चे का यौन शोषण करने के दोषी को 20 साल कैद

- अदालत ने दोषी पर 55 हजार जुर्माना लगाया, राशि में से 45 हजार पीड़ित को मिलेंगे

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने एक नाबालिग बालक को बहकाकर ले जाने और उसके साथ कुकर्म करने के मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिए हैं कि जुर्माना राशि जमा होने पर उसमें से 45 हजार रुपये पीड़ित बालक को दिए जाएं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने 1 दिसंबर, 2024 को पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनका 10 वर्षीय बेटा गली में खेल रहा था। इसी दौरान वहां आए एक युवक ने बालक को चाउमीन खिलाने का बहाना बनाया और उसे अपने साथ फुसलाकर एक गोदाम में ले गया, जहां उसने उसके साथ गलत काम किया। घर लौटने पर डरे-सहमे बालक ने परिजनों को आपबीती बताई, जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने इस मामले में 6 पॉक्सो अधिनियम व अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की थी। मामले की तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में आरोपित देवेंद्र बालक को अपनी बाइक पर बैठाकर ले जाता हुआ साफ दिखाई दिया।

### हाइड्रोजन ट्रेन का शेड्यूल जारी, 17 से जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी

## दो पावर कार और आठ कोच, 2600 यात्रियों की क्षमता के साथ दौड़ेगी ट्रेन

> जींद से सुबह 7.40 बजे और सोनीपत से 10.40 बजे होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रेल मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के नियमित परिचालन का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा के जींद जंक्शन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद ट्रेन जींद-सोनीपत रेलखंड पर नियमित रूप से संचालित होगी।हाइड्रोजन ट्रेन संख्या 74010 प्रतिदिन सुबह 7.40 बजे जींद जंक्शन से रवाना होकर विभिन्न स्टेशनों और हाल्ट पर रुकते हुए सुबह 9.40 बजे सोनीपत पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 74009 सुबह 10.40 बजे सोनीपत से चलकर दोपहर 1 बजे जींद जंक्शन पहुंचेगी। बीच के स्टेशनों की विस्तृत समय-सारिणी जल्द जारी की जाएगी। यह ट्रेन दो ड्राइविंग पावर कार और आठ यात्री कोचों से लैस होगी तथा इसमें 682 सीटों के साथ कुल लगभग 2,600 यात्रियों के सफर की क्षमता होगी। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से उत्पन्न बिजली से संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रदूषण रहित होगी और इसके संचालन के दौरान केवल जलवाष्प (भाप) का उत्सर्जन होगा। ट्रेन के सभी दरवाजे स्वचालित होंगे तथा यात्री सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। वर्ष 2016 में शुरू हुए जींद-सोनीपत रेलमार्ग पर वर्तमान में तीन पैसेंजर और एक एक्सप्रेस ट्रेन संचालित होती हैं। हाइड्रोजन ट्रेन शुरू होने से जींद, गोहाना और सोनीपत के साथ आसपास के जिलों के यात्रियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को बेहतर व पर्यावरण अनुकूल रेल सेवा मिलेगी।



### परिचालन की मंजूरी मिली

दिल्ली रेल मंडल के प्रवक्ता ए.के. सिंह ने बताया कि रेल मंत्रालय से हाइड्रोजन ट्रेन के परिचालन को मंजूरी मिल चुकी है। जींद और सोनीपत के बीच ट्रेन के संचालन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत समय-सारिणी जल्द जारी की जाएगी।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV
हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026
हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान
1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)
नॉमिनेशन के लिए केवल दो दिन बाकी
Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025
नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026
नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com



# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

## लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ▸▸ मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।




## हॉलीवुड मसाला




# ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।



# 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला




# रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

## रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप

### रामधन भारतीय सभा के अध्यक्ष बने

**गोहाना।** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल सत्संग भवन का संचालन करने वाली सभा की नई प्रबंधन समिति का गठन शुक्रवार को सर्वसम्मति से कर दिया गया। सभी सदस्यों ने सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया। निर्वाचन प्रक्रिया अधिवक्ता भूषण अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी में रामधन भारतीय को अध्यक्ष चुना गया। श्रीपाल सिंगला को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी

**गोहाना।** शहर के मुख्य बाजार स्थित जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को पोक्सो एक्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इस एक्ट बारे जानकारी दी गई। अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण दुरेजा ने की। अध्यापिका प्रियंका ने बताया कि यह पोक्सो एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषणऔर अश्लीलता जैसे गंभीर अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक विशेष कानून है।

### सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई

**सोनीपत।** लाइन पार मंडी क्षेत्र में पिछले 15-20 दिनों से नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिव सेवा समिति के संस्थापक महासचिव प्रहलाद गोयल ने विधायक निखिल मदान और नगर निगम के मेयर राजीव जैन को पत्र भेजकर तत्काल सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सफाई कर्मचारियों के नियमित रूप से नहीं आने के कारण गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं।

### मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**सोनीपत।** नगर निगम परिसर में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच का धरना शुक्रवार को 24वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। मंच को मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग वाली सेना यूनियन का समर्थन मिला। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि पुरानी टर्म एवं कंडीशनों पर टेंडर हो चुका है।

## बची सीटों को दो दिन में भरने का टारगेट

# मिशन एडमिशन : कॉलेजों में 80 से 90 प्रतिशत सीटें फुल

- उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को 12 तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाने का दिया मौका
- महाविद्यालयों में स्थापित हेल्प डेस्क की सहायता प्राप्त कर विद्यार्थी जल्द करवाएं पंजीकरण



सोनीपत। हिंदू कॉलेज में स्थापित हेल्प डेस्क पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जिलेभर के महाविद्यालयों में यूजी प्रथम वर्ष की बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीबीएस जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 12 जुलाई को समाप्त होने जा रही है। वंचित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयों में दाखिला पाने के लिए दो दिन समय शेष बचा है। बिना पंजीकरण करवाए विद्यार्थी फिर चाह कर भी कालेजों में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। महाविद्यालय प्रबंधकों ने अपनी निर्धारित सीटों पर अब तक 80 से 90 प्रतिशत तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके बाद दाखिला प्रक्रिया शुरू करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है।

बता दें कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से अब तक विद्यार्थियों को तीन चरणों में 45 दिन की विशेष छूट दी है। अगर विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में दाखिला लेना है, तो उन्हें दो दिन के अंदर हर हाल में अपना पंजीकरण करवाना होगा। उधर महाविद्यालय प्रबंधकों ने अब दाखिले की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि विद्यार्थी समय पर शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई की शुरुआत कर सकें। प्रबंधकों के समक्ष अब दो दिन में 10 से 20 प्रतिशत सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने का लक्ष्य है, अन्यथा शेष सीटें भरना असंभव रहेगा। लक्ष्य को भेदने के लिए सभी महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प हेस्क स्थापित किए गए हैं। निदेशालय ने अब विद्यार्थियों के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए पोर्टल पर नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इससे पहले निदेशालय ने विद्यार्थियों 31 मई, फिर 15 जून, बाद में 30 जून, अब 12 जुलाई तक पंजीकरण की अवधि सुनिश्चित की थी। निर्धारित सीटों पर पंजीकरण न होने व महाविद्यालय प्रबंधकों की मांग पर अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था।

### अवधि 12 जुलाई को समाप्त हो जाएगी

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण की बढ़ाई गई अवधि 12 जुलाई को समाप्त हो रही है। अधिकतर महाविद्यालयों में 80 से 90 प्रतिशत सीटों पर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दाखिला प्रक्रिया शुरू करवाने के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिला प्रक्रिया के बाद नए शैक्षणिक सत्र की जल्द शुरुआत हो सकेगी, इससे विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा।

-डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

# टीम ने धान की फसल का किया सत्यापन

- फसल की जांच के लिए फील्ड में उतरी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम



गोहाना। धनाना में फसल का सत्यापन करते सुपरवाइजर मनीषा व फील्डमैन बिजेंद्र।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को गांव धनाना में डीएसआर अर्थात सीधी बिजाई वाली धान की फसल का सत्यापन किया गया। विभाग के खंड कथूरा के बीएओ डॉ. संजीत मलिक के मार्गदर्शन में सुपरवाइजर मनीषा और फील्डमेन बिजेंद्र की टीम ने गांव के खेतों में पहुंचकर करीब 250 एकड़ फसल की जांच की। भू-जल संरक्षण के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा पिछले कई सालों से न केवल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है अपितु किसानों को विशेष प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। जिन किसानों द्वारा इस खरीफ के सीजन में धान की सीधी बिजाई के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया था उन फसलों का अब विभाग द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। सुपरवाइजर मनीषा ने कहा कि भू-जल संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। किसान धान की सीधी बिजाई करके इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विभाग की टीम ने फसल जांच के साथ किसानों को भविष्य में धान की सीधी बिजाई करने के लिए प्रेरित किया।

### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**सोनीपत।** सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इससे पहले मानव संसाधन विकास (एचआरडी) विभाग के आयुक्त एवं सचिव फुल चंद मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो की प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से समाधान करते हुए तीन दिन के भीतर ओवरड्यू मामलों की एटीआर एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर के बाद पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित बीडीपीओ को 14 जुलाई तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी



### सरकार के खिलाफ लोगों में रोष : डॉ. अजय चौटाला

**सोनीपत।** गांव गुहना में पावर ग्रिड परियोजना के विरोध में छह गांवों के ग्रामीणों का धरना शुक्रवार को 34वें दिन भी जारी रहा। धरने को समर्थन देने के लिए जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला पहुंचे। उनके साथ जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह दहिया, जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, हल्का बरोदा के प्रधान सीलू खासा, गोहाना के हल्का प्रधान राजा खंदराई, युवा जिलाध्यक्ष अजय कुंहार, युवा हल्का प्रधान मोंटी मलिक और किसान नेता राजपाल सेवली सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सरकार प्रदेश में किसानों और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पावर ग्रिड परियोजना के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में सरकार के खिलाफ लोगों में रोष है।



### प्रैक्टिकल्स के दौरान शिक्षण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खरखौदा।** शिवकरण कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हाल ही में बीएड पाठ्यक्रम के अंतर्गत व्यावहारिक परीक्षाओं (प्रैक्टिकल्स) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य डा.सुमन बेनीवाल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में 100 प्रशिक्षु शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभागिता सुनिश्चित की। परीक्षा के दौरान छात्रों ने अपने शिक्षण कौशल, सूक्ष्म शिक्षण और विषय पर अपनी पकड़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ सुमन बेनीवाल ने स्वयं परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। बाह्य परीक्षकों द्वारा छात्रों के प्रदर्शन का सूक्ष्म अवलोकन किया गया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा की निष्पक्षता और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी प्रबंध किए थे। यह आयोजन भावी शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।



### पोस्टर के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में प्रदूषण के खिलाफ छात्र-छात्राओं को जागरूक करने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इको क्लब के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली, संदेशात्मक पोस्टर तैयार किए तथा नुक्कड़ नाटक और भाषणों के माध्यम से वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों और उनके समाधान के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन तथा प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने में छात्र-छात्राओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे स्वयं पर्यावरण संरक्षण की आदतें अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## इंटरनेशनल पेपर बैग-डे पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश




सोनीपत। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शुक्रवार को इंटरनेशनल पेपर बैग-डे के अवसर पर कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक को ना कहें, पेपर बैग को हां कहें विषय पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्लास्टिक के स्थान पर पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देना था। सभा में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रभावशाली नारे लगाए, दिन का विचार प्रस्तुत किया तथा प्लास्टिक की तुलना में पेपर बैग के लाभों पर ज्ञानवर्धक भाषण दिया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की शपथ भी ली। प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# २४ करोड़ की स्टॉर्म वाटर लाइन पर काम शुरू

- 7.5 किमी पाइपलाइन, दो इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनेंगे, 8 माह में काम पूरा कराने का दावा, वाहनों का रूट डायवर्ट



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान नारियल फोड़कर परियोजना का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

रेलवे रोड और शहर के निचले इलाकों में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से राहत दिलाने के लिए करीब 24 करोड़ रुपए की स्टॉर्म वाटर परियोजना पर शुक्रवार से काम शुरू हो गया। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने लघु सचिवालय के सामने नारियल फोड़कर विधिवत तरीके से परियोजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत शहर में करीब 7.5 किलोमीटर लंबी स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे बरसाती पानी की निकासी व्यवस्थित तरीके से हो सकेगी। परियोजना के अनुसार, देवीलाल चौक से जीटी रोड, बेगा रोड, गुमड़ फ्लाईओवर, पुराना बादशाही रोड तथा अगवानपुर रेलवे ओवरब्रिज से ड्रेन तक पाइपलाइन डाली जाएगी। इसके अलावा गढ़ी केसरी और एसटीपी के पास दो इंडरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) बनाए जाएंगे। यहां बरसाती पानी एकत्र कर पंपों के माध्यम से अगवानपुर ड्रेन में छोड़ा जाएगा। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि इस परियोजना के लिए विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री स्तर तक लगातार पैरवी की गई, जिसके बाद सरकार ने 24 करोड़ रुपये मंजूर किए।

### यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

निर्माण कार्य के दौरान रेलवे रोड पर जाम की स्थिति से निपटने को लेकर भारी वाहनों की आवाजाही सीमित रहेगी। ऐसे वाहनों को गढ़ी कलां-बादशाही रोड होते हुए गुमड़ फ्लाईओवर से निकाला जाएगा। सोनीपत की ओर जाने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है। दुकानदारों से भी सड़क तक सामान न रखने की अपील की गई है। ताकि खाली फुटपाथ पर लोग पैदल चल सकें।

## योगिनी एकादशी पर गोशाला में 11 छायादार और औषधीय पौधे लगाए



गोहाना। पौधरोपण करते प्रकृति प्रेमी लोग। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** योगिनी एकादशी पर शुक्रवार को शहर में पानीपत मार्ग स्थित पीड़ित गोवंश एवं जीव रुग्णावास केंद्र में वन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोशाला परिसर में बरदद, पीपल और नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के 11 छायादार और औषधीय पौधे रोपित किए गए। समारोह में नागरिकों ने वृक्षारोपण से गोशाला परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। पौधारोपण का शुभारंभ गोशाला एवं राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने की। उन्होंने कहा कि ये सभी वृक्ष विशेष रूप से गो माता एवं अन्य पशुओं के हितों को ध्यान में रखते हुए लगाए गए हैं। आने वाले समय में इन वृक्षों की शीतल छाया में गो माताएं गर्मी से राहत पाकर सुखपूर्वक विश्राम कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह कदम सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं। ये हमें प्राणवायु, शुद्ध वायु, छाया और औषधि प्रदान करते हैं। प्रकृति की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।



खरखौदा। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते विषय के ज्ञाता। फोटो :हरिभूमि

### आत्म-सुरक्षा के नियमों के प्रति किया जागरूक

**खरखौदा।** विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम और आत्म-सुरक्षा के नियमों से अवगत कराना था। इस जागरूकता अभियान में विद्यालय के छात्र और छात्राओं दोनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें जागरूक करने के लिए विद्यालय की प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु सहित अध्यापक - अंकिता, प्रीति, तरुण, शिल्पा, दिव्या, नेहा और दीपक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों ने बच्चों को सरल भाषा में पॉक्सो एक्ट के बारे में समझाया। उन्हें बताया गया कि यह कानून विशेष रूप से उनकी सुरक्षा के लिए बनाया गया हैं। पॉक्सो एक्ट 2012 भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और बाल पोर्नोग्राफी से बचाने के लिए बनाया गया एक सख्त और विशेष कानून है। यह अधिनियम पूरी तरह से लैंगिक रूप से तटस्थ है, जो लड़कों और लड़कियों दोनों पर समान रूप से लागू होता है।

# सरकार और संगठन हमेशा खिलाड़ियों के साथ : बडौली

- रजत पदक विजेता रोनक दहिया का पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया सम्मान



राई। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली पहलवान रोनक दहिया का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राई

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पहलवान रोनक दहिया ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने रोनक दहिया को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रोनक ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। मोहन लाल बडौली ने कहा कि खिलाड़ियों का सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश का सम्मान होता है। रोनक दहिया जैसे युवा खिलाड़ी हरियाणा की खेल परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और यहां के युवा हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। सरकार और संगठन हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े हैं तथा उन्हें हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर सरपंच जयप्रकाश, रोनक दहिया के पिता, उनके कोच जयबीर आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी




**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में भारत सरकार के तत्वावधान में पॉक्सो अधिनियम विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतीक ने किया, जबकि अधिवक्ता अमित कुमार और साहिल कुमार ने विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। शिविर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, उनके अधिकारों तथा पॉक्सो अधिनियम से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने गुड टच और बैड टच की पहचान, बच्चों की सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के शोषण या दुर्व्यवहार की स्थिति में कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या चंचल शर्मा, भूपेंद्र, मीनू, कमल कान्त शर्मा सहित अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और सुरक्षित व जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

## गीता विद्या मंदिर स्कूल में ग्रीष्मकालीन गृहकार्य प्रदर्शनी का आयोजन

# भावी वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए वर्किंग मॉडल

**गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



गोहाना। प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित करते गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थी।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान तैयार किए गए गृहकार्य की प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तिलक राज रेहल्न ने की। संयुक्त संयोजन प्राचार्य अश्विनी कुमार और सदस्य योगेश ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के अनुरूप आकर्षक मॉडल, चार्ट, पोस्टर तथा बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रही। अध्यक्ष तिलकराज रेहल्न ने कहा कि गृहकार्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सोच, कल्पना शक्ति और आत्मविश्वास को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और लगन के साथ नवीन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विभाग प्रमुख दीपक कपूर, मन्नू दूहन तथा विद्यालय के समस्त आचार्यों का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों ने छात्रों के कार्यों का अवलोकन कर उत्साहवर्धन किया।

### क्विज में वरिष्ठ वर्ग में अरावली हाउस की टीम अव्वल




गोहाना। विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**गोहाना।** डीबीएम पब्लिक स्कूल, मदीना में शुक्रवार को अंतर-हाउस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में अरावली, नीलगिरि, शिवालिक एवं विंध्याचल हाउस के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में अरावली हाउस और कनिष्ठ वर्ग में शिवालिक हाउस की टीम को प्रथम घोषित किया गया। मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान के एमडी विकास मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य जगजीत मलिक ने की। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सुनीता और तमन्ना मैम का विशेष सहयोग रहा। समापन सत्र में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।



### आंगनबाड़ी वर्कर्स-हेल्पर का लघु सचिवालय में प्रदर्शन

**सोनीपत।** आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन हरियाणा, संबंधित सीटू एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को सैकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर लघु सचिवालय में एकत्रित हुईं। उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया और अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से बाल विकास एवं महिला विभाग मंत्री श्रुति चौधरी के नाम मांगपत्र भेजा। इसके बाद जुलूस निकालकर कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं महिला विभाग को भी मंत्री श्रुति चौधरी तथा अतिरिक्त सचिव, बाल विकास एवं महिला विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सभी आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर को पक्का कर्मचारी घोषित करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2018 में बढ़ाए गए वर्कर के 1500 रुपये और हेल्पर के 750 रुपये तुरंत लागू करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये देने, केंद्रों का किराया, फोन रिचार्ज के लिए 3600 रुपये वार्षिक सहित विभिन्न मांगें उठाईं।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला व उसके परिवार से मारपीट

**खरखौदा।** गांव सिसाना में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सरस्वती ने बताया कि उसके जेठ जगबीर, साहिल और कविता ने उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर पर चोटें आईं है। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति कृष्ण और सास के साथ भी मारपीट की गई तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे पहले भी आरोपियों द्वारा हमला किया गया था, लेकिन उस समय गांव के लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। घटना के बाद घायलों का मेडिकल कराया गया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच के बाद महिला की शिकायत पर जगबीर, साहिल और कविता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सांपला मार्ग पर बस की टक्कर से युवक की मौत

**खरखौदा।** सांपला मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार गांव मटिंडू निवासी युवराज अपने चाचा देवेंद्र सिंह के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर खरखौदा से अपने गांव लौट रहे थे। जब वे शहर के सांपला मार्ग के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक प्राइवेट बस ने देवेंद्र सिंह की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवेंद्र सिंह सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस जाने के कारण वह बस को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही खरखौदा पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया।

# पांडव नगरी पर उतरेगा पुरी का ऐश्वर्य, मॉरिशियस की टीम करेगी गुणगान

- वृंदावन-दिल्ली के फूल बंगले में 16 जुलाई को नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ वृंदावन व दिल्ली के फूल बंगले में रथ पर विराजमान होकर 16 जुलाई को शहरवासियों को आशीर्वाद देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। पूरा शहर देशभर ही नहीं, विदेशों से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठेगा। मॉरिशियस से 20 श्रद्धालुओं की टीम भगवान जगन्नाथ का गुणगान करेगी। इस बार कामी रोड स्थित बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर में 13 जुलाई से भगवान जगन्नाथ उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर 16 जुलाई को शहर में भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। उत्सव को लेकर बाबा धाम में तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है।

मंदिर परिसर में 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ मंदिर के पट खुलने के साथ दोपहर 4 बजे नेत्र दर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इससे पहले 13 जुलाई को ओडिशा के पुरी से 6 वरिष्ठ ब्राह्मणों सहित 250 लोगों का दल जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा-अर्चना व नियमित अखंड कीर्तन करवाएगा। साथ ही मॉरिशियस संकीर्तन दल के साथ वृंदावन, चंडीगढ़ व दिल्ली के इस्कॉन केंद्रों से 100 लोगों का दल 16 जुलाई को रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के रथ के आगे संकीर्तन करता चलेगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालु 13 जुलाई को बाबा धाम मंदिर में पहुंचेंगे। यात्रा में शहरभर के श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त होगा। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में अनेक देवी-देवताओं की झांकी भी शामिल होंगी। मिल्ट्री बैंड के साथ नासिक ढोल पार्टी भी झांकियों की अगुवाई करेंगे। इससे भक्ति भाव के साथ देशभक्ति की भावना को भी प्रस्तुत किया जाएगा। शोभायात्रा में अधिकतर आकर्षक झांकियां पंजाब के पटियाला, उत्तर प्रदेश के रूड़की व दिल्ली से शामिल होंगी। यात्रा में हरियाणा ही नहीं, बल्कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व राजस्थान सहित पांच राज्यों के बैंड धार्मिक धुन बजाकर शहर को भक्तिमय बनाएंगे।



**सोनीपत।** सोनीपत के कामी रोड स्थित बाबा धाम सिद्धपीठ मंदिर।

### वृंदावन व कलकत्ता के फूलों से महकेगी स्वर्णप्रस्थ नगरी

भगवान जगन्नाथ उत्सव के लिए खासकर वृंदावन, कलकत्ता व मुंबई के फूलों व चंडीगढ़ से लाइटिंग को मंगवाया गया है। रथयात्रा में शामिल रथ को भव्य रूप देने के लिए सुगंधित फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। फूलों की महक के बीच श्रद्धालु भजनों पर भक्ति के रस में डुबकी लगाते नजर आएंगे। भव्य श्रृंगार के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होंगे। साथ ही भगवान को वृंदावन से मंगवाए गए 108 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

### इन मार्गों से गुजरेंगे जगन्नाथ प्रभु

बाबा धाम सिद्धपीठ से 16 जुलाई दोपहर 3 बजे रथयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद रथयात्रा जटवाड़ा, कुम्हार गेट, जटवाड़ा, पुरखास अड्डा, दयाल चौक, गीता भवन, बस अड्डा, मुरथल अड्डा चौक, सब्जी मंडी रोड होते हुए वापस बाबा धाम पहुंचेगी। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ श्रद्धालुओं को अपने दिव्य दर्शन देंगे।

### उत्सव को लेकर तैयारियों का दौर शुरू

बाबा धाम सिद्धपीठ में वर्ष 2008 से जगन्नाथ उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में 16 जुलाई को देश-विदेश के श्रद्धालुओं सहित पुरी से 250 लोगों व इस्कॉन के 100 लोगों का दल शामिल होगा। ब्राह्मणों का दल विधिविधान से जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की पूजा-अर्चना करवाएगा।

-राकेश कुच्छल, संस्थापक, बाबा धाम सिद्धपीठ, सोनीपत

## विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव के प्रयास लाए रंग

# ककरोई रोड पर नई सीवरेज लाइन शुरू, जलभराव से मिलेगी निजात

दर्जनभर कॉलोनियों को लंबे समय से झेलनी पड़ रही थी निकासी की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पास क्षतिग्रस्त हो चुकी पुरानी सीवरेज लाइन के समानांतर डाली गई नई सीवरेज लाइन को शुक्रवार को अस्थायी पंप के माध्यम से शुरू करवाया। अब विभिन्न कॉलोनियों के सीवरेज पानी को ककरोई रोड से होते हुए एसटीपी तक ले जाया जा सकेगा। अब खासकर शहर के सेक्टर-23, दहिया कॉलोनी, वेस्ट रामनगर, मयूर विहार, इंडियन कॉलोनी, प्रगति नगर, गढ़ी ब्राह्माणान, शास्त्री कॉलोनी सहित ककरोई रोड निवासियों को दूषित पानी के जलभराव से निजात मिल सकेगी। उक्त क्षेत्र वासी लंबे समय से निकासी की अव्यवस्था के चलते परेशानी झेलते आ रहे थे। मामले में विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन के प्रयास रंग लाए हैं। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने स्वयं शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की मौजूदगी में पंप का संचालन शुरू करवाया

बता दें कि मानसून के चलते बारिश के मौसम में गोहाना रोड और महलाना रोड से जुड़ी दर्जनभर कॉलोनियों के लोगों को लंबे समय से निकासी की अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा था। ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाले पुरानी सीवरेज लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन इन क्षेत्रों में सीवरेज जाम के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या बनी रहती थी। शहरवासी लगातार समस्या का समाधान करवाने के लिए नगर निगम अधिकारियों के दरवाजे पीट रहे थे। नौबत तो यहां तक पहुंच गई थी कि विभिन्न कॉलोनियों के लोगों ने मिलकर 3 दिन पहले नगर निगम कार्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया था। इसके बाद विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए अधिकारियों की क्लास लगाई थी। साथ ही अधिकारियों को 12 घंटे के अंदर कॉलोनियों में निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया था। अब जनप्रतिनिधियों के प्रयास से लोगों की समस्या का समाधान होने की आस जगी है।



**सोनीपत।** ककरोई रोड क्षेत्र में अस्थायी पंप के माध्यम से सीवरेज लाइन को शुरू करवाते मेयर राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

### सेक्टर-23 में तैयार हो रहा नया डिस्पोजल

गौतलब है कि गोहाना रोड और महलाना रोड से जुड़ी दर्जनभर कॉलोनियों में हजारों लोग अपना स्थायी निवास बनाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। इन कॉलोनियों में लगातार सीवरेज जाम की समस्या बनी रहती है। जिसके स्थायी समाधान के लिए सेक्टर-23 में नया डिस्पोजल तैयार किया जा रहा है। जिसे इसी माह के अंत तक तैयार करवाने का लक्ष्य रखा गया है। नए निर्माणाधीन डिस्पोजल से ट्रीटमेंट प्लांट के मैन पम्पिंग स्टेशन तक लाइन डाल दी गई थी। डिस्पोजल का काम पूरा होने तक यह बाइपास व्यवस्था की गई है। फिलहाल लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नई लाइन को अस्थायी पंप से जोड़कर शुरू करवाया गया है। पुरानी लाइन का पानी नई लाइन के माध्यम से आगे निकालने की योजना तैयार की गई है, ताकि दूषित पानी के जलभराव को रोका जा सके।

### समस्याओं को दूर करवाना भाजपा की प्राथमिकता

विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बारिश के दौरान होने वाले जलभराव व सीवरेज संबंधी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नई व्यवस्था की नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि सीवरेज निकासी सुचारू रूप से चलती रहे। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सेक्टर-23 में नया डिस्पोजल तैयार होने के बाद कॉलोनियों से पानी निकासी तीव्र गति से होगी। आमजन की सभी समस्याओं को दूर करवाना भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता है।

## न्यूज डायरी



### विधायक ने पदक विजेता पहलवान का किया सम्मान

**राई।** थाईलैंड में आयोजित जूनियर एशिया चैंपियनशिप में 125 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 'भारत कुमार' एवं 'भारत केसरी' रौनक पहलवान का राई विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने आवास पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। विधायक ने रौनक को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उपलब्धि पर बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय कोच एवं कैटेगरी-1 रेफरी जयवीर सिंह भी मौजूद रहे। विधायक कृष्णा गहलावत ने खिलाड़ियों को तैयार करने में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित प्रशिक्षकों के कारण हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि रौनक पहलवान ने जूनियर एशिया चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर न केवल अपने माता-पिता और गांव बिंदरौली, बल्कि पूरे हरियाणा और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



### शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 के अंतरराष्ट्रीय ओलम्पियाड के लेवल-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इंटरनेशनल हिंदी ओलम्पियाड (आईएचओ) में कक्षा चार की दिव्यांशी गोयल ने इंटरनेशनल सिल्वर मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय रैंक-2 और जोनल रैंक-2 हासिल की। इसी कक्षा की युक्ति और प्राची ने आईएचओ जोनल सिल्वर मेडल जीतते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंक-5 और जोनल रैंक-5 प्राप्त की। कक्षा आठ की आहाना सिंह और नितीश गुप्ता ने आईएचओ जोनल अवार्ड हासिल कर अंतरराष्ट्रीय रैंक-14 और जोनल रैंक-8 प्राप्त की। वहीं, आईएसएसओ ओलम्पियाड में कक्षा पांच के वंश ने जोनल अवार्ड जीतते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंक-17 और जोनल रैंक-10 हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने विश्वास जताया कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर भविष्य में भी नई सफलताएं हासिल करेंगे।



### 17 जुलाई की जींद रैली की तैयारियों में जुटे भाजपाई

**गन्नौर।** भाजपा गन्नौर विधानसभा की बैठक शुक्रवार को मार्केट कमेटी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पूर्व भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक व सोनीपत लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा रैली में लोगों को लेकर जाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एसआईआर के क्लस्टर इंचार्ज सुलेख डिडवाडा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद में भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे तथा जींद और नरवाना के अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों सहित अन्य वैकल्पिक साधनों का अधिक उपयोग करने का भी आह्वान किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छौक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, नरेंद्र भारतीय, राजकुमार कटारिया, मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, श्रवण कौशिक, अजय जैन, गौरव कामरा, भूषण हसीजा आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती



सोनीपत। सड़क सुरक्षा को लेकर सोनीपत पुलिस ने जुलाई के पहले नौ दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में एक से नौ जुलाई तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 158 कार्रवाई की गई। इनमें ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के 94 चालान किए गए, जबकि निर्धारित अवधि से अधिक पुराने 64 वाहनों को इम्पाउंड किया गया। इनमें 10 वर्ष पुराने डीजल के 10 वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल के 54 वाहन शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त यातायात सोनाक्षी सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है और यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से ब्लैक फिल्म का उपयोग नहीं करने, प्रतिबंधित पुराने वाहनों का संचालन बंद करने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।



### चार साल पूरे होने पर नपा अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां

**गन्नौर।** नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शुक्रवार को नपाध्यक्ष कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी ने पार्षदों को चार वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने पर बधाई दी। बैठक में अध्यक्ष अरुण त्यागी ने वर्ष 2022 से 2026 तक नगर पालिका द्वारा कराए गए विकास कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। अरुण त्यागी ने बताया कि पिछले चार वर्षों में गन्नौर के सभी 17 वार्डों में 57 करोड 25 लाख 10 हजार 818 रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि शहर में नंदी पकड़ने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है और अब तक 1,422 नंदी पकड़कर सिसाना गौशाला में छोड़े जा चुके हैं। इसके अलावा बंदरों के आतंक से लोगों को राहत दिलाने के लिए अब तक 692 बंदरों को कलेसर के जंगलों में छोड़ा गया है। शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी और वैक्सीनेशन का कार्य भी जारी है। उन्होंने बताया कि नियमित हो चुकी कालोनियों में भी गलियां, नालियां और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वहां रहने वाले लोगों को भी नगर पालिका की सुविधाओं का लाभ मिल सके। नपा अध्यक्ष ने कहा कि अगले एक वर्ष में भी सभी 17 वार्डों में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

# शहादत को नमन: भगत फूल सिंह बलिदान स्थल की मिट्टी संग्रहित की

- 19 जुलाई को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्र की महान हुतात्माओं दी जाएगी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में भगत फूल सिंह की बलिदान स्थली से पावन मिट्टी का संग्रह किया गया। विवि की कुलगुरु प्रो. (डॉ.) सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मिट्टी संग्रह के साथ भगत फूल सिंह को नमन करते हुए श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम का संयोजन योगी डॉ. धर्मवीर वेदपाठी का रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ के साथ हुआ। योगी डॉ. धर्मवीर वेदपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत देशभर के अमर बलिदानियों, महात्माओं, स्वतंत्रता सेनानियों एवं महान विभूतियों की कर्म एवं बलिदान स्थलों से पावन मिट्टी एकत्रित की जा रही है। उनके अनुसार आगामी 19 जुलाई को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से एकत्रित मिट्टी के माध्यम से राष्ट्र की महान हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी प्रो. पूरणमल गौड़, प्राचार्या सुमिता सिंह, प्राचार्या प्रो. कल्पना, प्रो. नरेश भार्गव, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**गोहाना।** भगत फूल सिंह बलिदान स्थल से मिट्टी एकत्रित करते हुए कुलगुरु प्रो. (डॉ.) सुदेश, योगी डॉ. धर्मवीर वेदपाठी, प्रो. पूरणमल गौड़ व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

### ट्रक की टक्कर से घायल पिकअप चालक की उपचार के दौरान मौत

**गन्नौर।** गढ़ी कला फ्लाईओवर के समीप हुए सड़क हादसे में घायल पिकअप चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के करीब 19 दिन बाद चालक के निधन के उपरांत गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जिला यमुनानगर के गांव मोहड़ी निवासी जसविंदर सिंह ने बताया कि वह एक बोलेरो पिकअप पर परिचालक के रूप में कार्य करता है। 20 जून की रात वह वाहन चालक अरबीन खान के साथ सब्जियां लेकर दिल्ली जा रहे थे। रात करीब 11 बजे गढ़ी कला फ्लाईओवर के पास आगे चल रहे एक ट्रक चालक ने अचानक कट मारकर तेज गति में ब्रेक लगा दिए। इससे उनकी बोलेरो पिकअप ट्रक के पीछे जा टकराई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की सहायता से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर ले जाया गया।

## दोबारा जांच के बाद पीडब्ल्यूडी के सस्पेंड एसडीओ व दो जेई बहाल, कार्यों को मिलेगी गति

# भवन निर्माण की गुणवत्ता में खामियां मिलने पर किए गए थे सस्पेंड

मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों की 26 मई को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद की गई थी कार्रवाई

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र (एमसीएच) भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में खामियां पाने जाने पर 26 मई को सस्पेंड किए गए एक एसडीओ व दो जेई को पुनः जांच रिपोर्ट के आधार पर 39 दिन बाद बहाल कर दिया गया है। करीब 10 दिन पहले मुख्यालय से आई 3 सदस्यीय टीम ने एमसीएच की निर्माण व सामग्री की जांच कर रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जिसके बाद विभाग के एसडीओ व दोनों जेई को रिपोर्ट के आधार पर राहत देते हुए दोबारा कार्यों में लगा दिया गया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि एमसीएच निर्माण की बागडोर संभाल रहे अधिकारी अब आगामी कार्यों को रफ्तार से पूरा करवाएंगे।

बता दें कि सरकार व लोक निर्माण विभाग (भवन और सड़कें), चंडीगढ़ के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मार्च माह में प्रदेश क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी टीम से निर्माणाधीन एमसीएच भवन की गुणवत्ता संबंधी जांच करवाई गई थी। जब उक्त टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट 14 मई को सरकार को सौंपी थी, तो उसमें कुछ गुणवत्ता संबंधी खामियां सामने आईं। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सैनी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ 26 मई को बैठक कर संबंधित एसडीओ दिलबाग मेहरा सहित दो जेई दीपक मलिक व सचिन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए थे। विभाग के उप अधीक्षक (इंजीनियर-इन-चीफ) ने मामले में त्वरित प्रभाव से कार्रवाई करते हुए कार्यालय की डिविजन नंबर-2 में तैनात एसडीओ व दोनों जेई को सस्पेंड करने के ऑर्डर जारी किए थे। एसडीओ को सस्पेंशन के दौरान चंडीगढ़ कार्यालय में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही उक्त कार्यवाही की एक-एक प्रति अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी। इसके अलावा एसडीओ को संस्पेंड करने के करीब 39 दिन के दौरान मुख्यालय से अन्य एसडीओ को कार्यकारी प्रभार सौंपा गया था, ताकि विकास कार्यों की गति जारी रखी जा सके।



सोनीपत के रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग का कार्यालय।

### विभाग की किरकिरी होने पर हुई पुनः जांच

शहर में करीब 1.38 अरब रुपये की बड़ी परियोजना में शामिल सात मंजिला 100 बेड की व्यवस्था वाले एमसीएच के निर्माण में खामियां मिलने का मामला हाइलाइट होने और विभाग की किरकिरी होने के बाद मुख्यालय ने जून के अंत में फिर से जांच करवाने का निर्णय लिया। इस बार 10 दिन पहले चंडीगढ़ से 3 अधिकारियों की एक टीम ने सोनीपत पहुंचकर निर्माणाधीन एमसीएच व सामग्री संबंधी जांच की। अधिकारियों की जांच में अब स्थिति को सही करार दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीओ व दोनों जेई को पुनः बहाल करते हुए विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं।